>

Title: Need to augment railway services and railway connectivity to Northern part of Bihar.

श्री राधा मोहन सिंह (पूर्वी चम्पारण): भारतीय रेल हमारी जीवन रेखा है । मध्यपूर्व रेलवे एक महत्वपूर्ण जोन है । जिसकी रेल लाइनें उत्तर बिहार की नेपाल सीमा क्षेत्र से लगी हुई है । उत्तर बिहार की राजधानी कही जाने वाली मुजफ्फरपुर जंक्शन से मेहसी, चकिया, पीपरा, जीवधारा, बापूधाम मोतिहारी स्टेशनों से गुजरती हुई गाड़ियां नेपाल की ओर भी जाती है और दिल्ली भी आती है । उपरोक्त स्टेशनों पर यात्री सुविधा का घोर अभाव है । पहुंच पथों की हालत जर्जर है, इनके निर्माण की आवश्यकता है । चकिया रेलवे स्टेशन एक आदर्श एवं बी ग्रेड सुविधा प्राप्त स्टेशन है । यहां पर मुजफ्फरपुर-आनन्दविहार, गरीब रथ, मुजफ्फरपुर-पोरबंदर एक्सप्रेस, मुजफ्फरपुर-मडुवाडींह एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस का ठहराव आवश्यक है । पीपरा जैसे अतिमहत्वपूर्ण स्टैशन पर भी जो गाड़ी गोरखपुर से हाजीपुर जाती है उसका ठहराव होना चाहिए । सप्तक्रांति रेल गाड़ी जो मुजफ्फरपुर से दिल्ली आती है, इस मार्ग से गुजरने वाली एक महत्वपूर्ण गाड़ी है। जो किसी मायने में किसी प्रीमियम ट्रेन से कम नहीं है । इस महत्वपूर्ण मार्ग से राजधानी, दुरान्तो, जैसे कोई अन्य द्रुतगामी गाड़ी नहीं चलती है । सरकार से मुरा अनुरोध है कि सप्तक्रांति ट्रेन में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी की ए.सी. बोगियां जोड़ी जाएं तथा इस रेल खंड पर दिल्ली की ओर जाने के लिए एक और द्रुतगामी ट्रेन चलाई जाए ।